# खण्ड 'A' SECTION 'A'

**1.** (a) एक कण को अनन्त विभव कूप में रखने पर निम्न स्थितियों के लिए शून्य बिंदु ऊर्जा की गणना करें :

(i) एक 100 g की गेंद जो 5 m लम्बी रेखा पर प्रतिबंधित है ।

(ii) एक आक्सीजन परमाणु जो $2\times10^{-10}$ m जालक पर प्रतिबंधित है ।

(iii) एक इलैक्ट्रान जो $10^{-10}$ m परमाणु में प्रतिबंधित है ।

स्थूल वस्तुओं के लिए शून्य बिंदु ऊर्जा का महत्व क्यों नहीं है ? टिप्पणी करें ।

Calculate the zero point energy for a particle in an infinite potential well for the following cases :

(i) a 100 g ball confined on a 5 m long line.

(ii) an oxygen atom confined to a $2\times10^{-10}$ m lattice.

(iii) an electron confined to a $10^{-10}$ m atom.

Why zero point energy is not important for macroscopic objects ? Comment. 10

**1.** (b) द्रव्यमान $m$ और आवेश $q$ का एक कण एक एकविमीय आवर्ती दोलक विभव के प्रभाव के अधीन गतिशील है । मान लीजिये कि इसे एक स्थिर विद्युत क्षेत्र $E$ में रखा गया है । इसलिये इस कण का हैमिल्टोनियन $H=\frac{p^2}{2m}+\frac{1}{2}m\omega^2X^2-qEX$ द्वारा प्रदत्त है । कण की $n$th उत्तेजित अवस्था के लिये ऊर्जा व्यंजक और तरंग फलन प्राप्त कीजिये ।

Consider a particle of mass $m$ and charge $q$ moving under the influence of a one dimensional harmonic oscillator potential. Assume it is placed in a constant electric field $E$. The Hamiltonian of this particle is therefore given by $H=\frac{p^2}{2m}+\frac{1}{2}m\omega^2X^2-qEX$. Obtain the energy expression and the wave function of the $n$th excited state of the particle. 10

**1.** (c) द्रव्यमान $m$ का एक कण अर्द्धव्यास $a$ के गोलीय सममित आकर्षक विभव में है । शून्य कोणीय संवेग की दो परिबद्ध अवस्थाओं के लिये आवश्यक विभव की न्यूनतम गहराई ज्ञात कीजिये ।

A particle of mass $m$ is in a spherically symmetric attractive potential of radius $a$. Find the minimum depth of the potential needed to have two bound states of zero angular momentum. 10

**1.** (d) तापमान 400 k पर एक अवन से उत्सर्जित हाइड्रोजन परमाणुओं का एक पुंज स्टर्न-गर्लैक प्रयोग में, जिसके चुम्बक की लम्बाई 1 m व चुम्बकीय प्रवणता क्षेत्र 10 टेस्ला/मीटर है, भेजा जाता है । उस बिन्दु पर जहाँ पुंज चुम्बक को छोड़ता है, अनुप्रस्थ विक्षेपण की गणना कीजिये ।

A beam of hydrogen atoms emitted from an oven at 400 k is sent through a Stern-Gerlach experiment having magnet of length 1 m and a gradient field of 10 tesla/m. Calculate the transverse deflection of an atom at the point where the beam leaves the magnet. 10

1.(e) यदि एक परमाणु को 0·1 weber/m$^2$ तीव्रता के चुम्बकीय क्षेत्र में रखा है, तब एक इलैक्ट्रोन जो परमाणु में $l=3$ अवस्था में है की पुरस्सरण की दर एवं बल आघूर्ण की गणना कीजिये ।

दिया गया है कि इलेक्ट्रान का चुम्बकीय आघूर्ण चुम्बकीय क्षेत्र से 30° का कोण बनाता है ।

If an atom is placed in a magnetic field of strength 0·1 weber/m$^2$, then calculate the rate of precession and torque on an electron with $l=3$ in the atom.

Given that the magnetic moment of the electron makes an angle of 30° with the magnetic field. 10

2.(a) दो प्रचक्रण $\frac{1}{2}$ के कणों की पारस्परिक क्रिया को एक संकारक $P = a + b\vec{\sigma}_1 \cdot \vec{\sigma}_2$ से दर्शाया गया है जहाँ $a$ व $b$ स्थिरांक एवं $\vec{\sigma}_1$, $\vec{\sigma}_2$ दोनों प्रचक्रण के पाउली आव्यूह हैं । कुल प्रचक्रण कोणीय संवेग $\vec{S} = \vec{S}_1 + \vec{S}_2 = \frac{1}{2}\hbar(\vec{\sigma}_1 + \vec{\sigma}_2)$ है । दर्शाइये कि $P$, $S^2$ एवं $S_z$ का एक साथ मापन किया जा सकता है ।

An operator $P$ describing the interaction of two spin $\frac{1}{2}$ particles is $P = a + b\vec{\sigma}_1 \cdot \vec{\sigma}_2$, where $a$ and $b$ are constants, and $\vec{\sigma}_1$ and $\vec{\sigma}_2$ are Pauli matrices of the two spins. The total spin angular momentum $\vec{S} = \vec{S}_1 + \vec{S}_2 = \frac{1}{2}\hbar(\vec{\sigma}_1 + \vec{\sigma}_2)$. Show that $P$, $S^2$ and $S_z$ can be measured simultaneously. 15

2.(b) विचार कीजिए कि $m$ द्रव्यमान के और गतिज ऊर्जा $E$ के कणों की एक धारा धनात्मक $x$-दिशा में एक विभव अवरोधक की ओर गतिमय है ।

$$V(x) = 0 \quad \text{for } x \leq 0$$

$$V(x) = \frac{3E}{4} \quad \text{for } x > 0$$

$x=0$ पर परावर्तित कणों का अंश ज्ञात कीजिये ।

Consider a stream of particles of mass $m$ each moving in the positive $x$-direction with kinetic energy $E$ towards the potential barrier

$$V(x) = 0 \quad \text{for } x \leq 0$$

$$V(x) = \frac{3E}{4} \quad \text{for } x > 0$$

Find the fraction of particles reflected at $x=0$. 15

**2.** (c) मान लें, विभव $V(x) = \begin{cases} 0, & 0 < x < a \\ \infty, & \text{बाकी सब जगह} \end{cases}$

तब

(a) आद्य अवस्था तथा पहली व दूसरी उत्तेजित अवस्थाओं की ऊर्जाओं का आकलन कीजिये। जबकि

(i) एक इलेक्ट्रान एक बाक्स के अन्दर परिबद्ध है जिसका आकार $a = 10^{-10}$ m है।

(ii) 1 g की वृत्ताकार धातु जो आकार $a = 10$ cm के बाक्स में गतिशील है।

(b) ऊपर दिये गये दोनों निकायों के लिये क्वांटम प्रभाव के महत्व की चर्चा कीजिये।

(c) अनिश्चितता सिद्धांत का प्रयोग कर इलेक्ट्रॉन व वृत्ताकार धातु के वेगों का आकलन कीजिये।

Consider the potential $V(x) = \begin{cases} 0, & 0 < x < a \\ \infty, & \text{elsewhere} \end{cases}$

(a) Estimate the energies of the ground state as well as those of the first and the second excited states for

(i) an electron enclosed in a box of size $a = 10^{-10}$ m.

(ii) a 1 g metallic sphere which is moving in a box of size $a = 10$ cm.

(b) Discuss the importance of the Quantum effects for both of these systems.

(c) Estimate the velocities of the electron and the metallic sphere using uncertainty principle.

20

**3.** (a) परमाणु का सदिश मॉडल क्या है ? सदिश परमाणु मॉडल की प्रमुख विशेषताओं की स्टर्न-गर्लैक प्रयोग द्वारा किस प्रकार व्याख्या की गई थी ?

What is vector atom model ? How the principal features of vector atom model were explained by Stern-Gerlach experiment ?

5+10=15

3. (b) लैंडे g फैक्टर क्या है ? $^{6}C$ परमाणु के $2p3s$ विन्यास के $^{3}P_1$ स्तर के लिए लैंडे g फैक्टर का मूल्यांकन करिए । जब परमाणु को 0·1 tesla के बाह्य चुम्बकीय क्षेत्र में रखा जाये तो स्तर के विभाजन की भी गणना करें ।

What is Lande's g factor ? Evaluate the Lande's g factor for the $^{3}P_1$ level in the $2p3s$ configuration of the $^{6}C$ atom. Also calculate the splitting of the level when the atom is placed in an external magnetic field of 0·1 tesla. 5+5+5=15

3. (c) रमन प्रभाव क्या है ? रमन प्रभाव के क्वांटम सिद्धान्त एवं रमन वर्णक्रम (स्पेक्ट्रम) की घूर्णी संरचना की व्याख्या कीजिये ।

What is Raman effect ? Explain Quantum theory of Raman effect and Rotational Structure of a Raman spectrum. 5+10+5=20

4. (a) $x$-अक्ष के अनुदिश गतिशील और $0 \leq x \leq L$ प्रान्त (डोमेन) में प्रतिबंधित एक कण का तरंगफलन $\psi(x) = \sin\left(\frac{n\pi x}{L}\right)$ है; जहाँ $n$ एक पूर्णांक है । तरंगफलन का प्रसामान्यीकरण कीजिये और कणके संवेग के प्रत्याशा मान का मूल्यांकन कीजिये ।

A particle constrained to move along $x$-axis in the domain $0 \leq x \leq L$ has a wave function $\psi(x) = \sin\left(\frac{n\pi x}{L}\right)$, where $n$ is an integer. Normalize the wave function and evaluate the expectation value of momentum of the particle. 15

4. (b) हाइड्रोजन परमाणु की $2p$ अवस्था के इलेक्ट्रॉन के लिए सबसे संभावित दूरी का मूल्यांकन कीजिये । इस दूरी पर त्रिज्य प्रायिकता घनत्व क्या है ?

Evaluate the most probable distance of the electron of the hydrogen atom in its $2p$ state. What is the radial probability density at that distance ? 15

4. (c) नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद क्या है ? इसके कार्यकारी सिद्धान्त और चुम्बकीय अनुनाद इमेजिंग प्रणाली में इसके उपयोग का वर्णन कीजिये ।

What is nuclear magnetic resonance ? Explain its working principle and use in magnetic resonance imaging systems. 5+5+10=20

# खण्ड 'B'  SECTION 'B'

**5.(a)** आप किस प्रकार स्थापित करेंगे कि $\nu_e$ एवं $\bar{\nu}_e$ दो विभिन्न प्रकार के कण हैं ?

How could you establish that $\nu_e$ and $\bar{\nu}_e$ are two different particles ? 10

**5.(b)** जिस जीवाश्म में 6 g कार्बन $^{14}C$ है एवं उसकी क्षय दर 27 क्षय प्रति मिनट है, उसकी आयु क्या है ?

दिया गया है : $\frac{^{14}C}{^{12}C}$ का अनुपात $= 1{\cdot}3\times10^{-13}$, $^{14}C$ की अर्द्ध-आयु $(T_{1/2}) = 5730$ वर्ष ।

What is the age of a fossil that contains 6 g of carbon $^{14}C$ and has a decay rate of 27 decays per minute ?

Given : Ratio $\frac{^{14}C}{^{12}C} = 1{\cdot}3\times10^{-13}$, Half life $(T_{1/2})$ of $^{14}C = 5730$ yrs. 10

**5.(c)** उन अन्योन्य क्रियाओं को नामित कीजिये जिनके द्वारा निम्नलिखित नाभिकीय क्षय घटित होते हैं :

(i) $K^+ \longrightarrow \Pi^+ + \Pi^+ + \Pi^-$

(ii) $\Pi^+ + \rho \longrightarrow \Pi^+ + \Pi^+ + n$

(iii) $\Pi^+ + \rho \longrightarrow \Delta^{++} \longrightarrow \Pi^+ + \rho$

(iv) $\Sigma^\circ \longrightarrow \lambda^\circ + \gamma$

(v) $\Sigma^+ \longrightarrow \lambda^\circ + e^+ + \nu_e$

(vi) $K^- + \rho \longrightarrow K^+ + K^\circ + \Omega^-$

(vii) $\Pi^\circ \longrightarrow \gamma + e^+ + e^-$

(viii) $\Sigma^- \longrightarrow n + e^- + \bar{\nu}_e$

(ix) $\lambda^\circ \longrightarrow \rho + e^- + \bar{\nu}_e$

(x) $e^+ + e^- \longrightarrow \gamma + \gamma$

Name the interactions via which the above nuclear decays occur : $1\times10=10$

5.(d) व्युत्क्रम जालक अवधारणा का उपयोग करके विवर्तन की शर्तों की व्युत्पत्ति कीजिये । इन शर्तों को किस रूप में जाना जाता है ?

Derive diffraction conditions using reciprocal lattice concept. What are these conditions known as ? 10

5.(e) दर्शाइए कि फरमी स्तर $n$-प्रकार के अर्धचालक में ऊपर की तरफ चालन बैंड के नजदीक विस्थापित होता है और $p$-प्रकार के अर्धचालक में नीचे की तरफ संयोजकता बैंड के नजदीक विस्थापित होता है ।

Show that the Fermi level shifts upward, closer to the conduction band in an $n$-type semiconductor and shifts downward, closer to the valence band in a $p$-type semiconductor. 10

6.(a) मानक अभिधारणाओं एवं प्रतीकों को लेकर $\alpha$-कणों के लिए रदरफोर्ड के प्रकीर्णन परिक्षेत्र के सूत्र को स्थापित कीजिए ।

Establish the Rutherford's scattering cross section formula for $\alpha$-particle by considering the standard assumptions and symbols. 20

6.(b) नाभिक को नाभिक व्यास $10^{-12}$ cm के समतुल्य लम्बाई का एक घनीय बॉक्स मान कर उच्चतम स्तर पर अधिष्ठित आयरन-56 नाभिक के न्यूक्लिऑन की गतिज ऊर्जा की गणना कीजिये ।

By assuming the nucleus as a cubical box of length equal to the nuclear diameter $10^{-12}$ cm, calculate the kinetic energy of the highest level occupied nucleon of iron-56 nucleus. 15

6.(c) नाभिकीय बलों से आप क्या समझते हैं ? विनिमय बलों के मेसॉन सिद्धान्त की व्याख्या कीजिये ।

What do you understand by nuclear forces ? Explain meson theory of exchange forces. 5+10=15

7.(a) प्रतिचुम्बकत्व के चिरप्रतिष्ठित सिद्धांत की व्याख्या कीजिए । दर्शाइए कि प्रतिचुम्बकीय पदार्थों की प्रवृत्ति सीधे परमाणु संख्या के समानुपाती होती है । एक परमाणु के सभी इलेक्ट्रॉन प्रतिचुम्बकत्व में योगदान क्यों करते हैं ?

Explain classical theory of diamagnetism. Show that the susceptibility of diamagnetic substances is directly proportional to the atomic number. Why all the electrons in an atom contribute to diamagnetism ? 5+8+2=15

7.(b) डिबाई सिद्धांत से एक ठोस पदार्थ की विशिष्ट उष्मा के लिए व्यंजक प्राप्त करें और दिखाइए कि प्रायोगिक मानों से यह कितना संगत है । आइंस्टाइन सिद्धांत की तुलना में डिबाई सिद्धांत में सबसे महत्वपूर्ण अभिधारणा क्या है ? डिबाई सिद्धांत में क्या कोई कमी है ?

Derive an expression for the specific heat of a solid based on the Debye theory and show how it agrees with the experimental values. What is the most important assumption of Debye theory in comparison to Einstein theory ? Is there any drawback of Debye theory ? 15+3+2=20

**7.** (c) एक स्पष्ट परिपथ आरेख के साथ वीन-ब्रिज दोलक की कार्य प्रणाली की व्याख्या कीजिये ।

With a neat circuit diagram, explain the working of Wien-Bridge oscillator. 15

**8.** (a) रिऐक्टर के क्रांतिक आकार से आप का क्या अभिप्राय है ? नाभिकीय रिऐक्टरों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।


What do you understand by the critical size of a reactor ? Explain the main features of nuclear reactors. 5+15=20

**8.** (b) अतिचालकता क्या है ? माइस्नर प्रभाव की व्याख्या कीजिए । अतिचालक पदार्थ क्यों एक प्रतिचुम्बकीय पदार्थ होते हैं ?

What is superconductivity ? Explain Meissner effect. Why superconductors should be a diamagnetic material ? 15

**8.** (c) (i) दर्शाए गए चित्र में प्रवर्धक का निवेशी और निर्गत प्रतिवाधाओं का मान निर्धारित कीजिये । संक्रियात्मक प्रवर्धक के डेटाशीट के अनुसार $Z_{in} = 2\ M\Omega$, $Z_{out} = 75\ \Omega$ और $A_{ol}$ (खुला पाश वोल्टता गेन) = 200,000 है ।

(ii) संवृत पाश वोल्टता गेन का मान प्राप्त कीजिए ।




(i) Determine the input and output impedances of the amplifier in given figure. The op-amp datasheet gives $Z_{in} = 2\ M\Omega$, $Z_{out} = 75\ \Omega$ and $A_{ol}$ = 200,000 (open loop voltage gain). 10

(ii) Find the closed-loop voltage gain. 5

---